# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Union Minister of State Shri Kaushal Kishore unveiled the statue of Babasaheb Ambedkar**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 23-10-2021**

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया छात्रावास का उद्घाटन

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने युवाओं को नशा मुक्त हरियाणा का दिलाया संकल्प, बोले- ज्ञान के प्रतीक थे बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) में केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने 315 छात्रों की क्षमता वाले छात्रावास उद्घाटन किया। वहीं उन्होंने 13 करोड़ की लागत से बनने वाले जल शोधन संयंत्र के शिलान्यास के साथ-साथ बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का भी अनावरण किया।

कौशल किशोर ने कार्यक्रम में उपस्थित स्टाफ, विद्यार्थियों व युवाओं को नशा मुक्त हरियाणा, नशा मुक्त समाज व नशा मुक्त परिवार के निर्माण का संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो.रामबिलास शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की।

**सर्व समाज के मसीहा थे बाबा साहेब :** मुख्यातिथि कौशल किशोर ने कहा कि बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर सर्वसमाज के मसीहा थे। विवि में प्रतिमा की स्थापना युवा पीढ़ी को जातिव आर्थिक आधार पर शोषण विहीन समाज की स्थापना के लिए प्रेरित करती रहेगी। आंबेडकर किसी जाति व समाज के नेता नहीं बल्कि ज्ञान के प्रतीक हैं। उन्होंने भारत को वह संवैधानिक प्रणाली दी, जिसके माध्यम से देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

**समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे शिक्षा व विकास :** केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी डॉ. आंबेडकर, राम मनोहर लोहिया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के दिखाए मार्ग पर अग्रसर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, विकास और ज्ञान पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं।



छात्रावास के नए खंड का उद्घाटन करते केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर व साथ में पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा, कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार । संवाद

### हकेंविवि के प्रयासों की हुई सराहना

विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कौशल किशोर ने देशके विकास में युवा पीढ़ी व शिक्षण संस्थानों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रयासों की सराहना की। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, सबका साथ सबका विकास की नीति का अनुसरण करते हुए विकास के पथ पर अग्रसर है।

### देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर

भारत जिस तरह से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आज हम हर घर में बिजली, नल, चूल्हा देख रहे हैं। देश स्वच्छ, स्वस्थ, शिक्षित व आत्मनिर्भर बनने की दिशा अग्रसर है और वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व महाशक्ति के रूप में अपनी एक अलग पहचान बना लेगा।

### देश की प्रगति ने सभी का ध्यान किया आकर्षित

पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई देश की प्रगति ने संसार का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों व शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला और इस मौके पर केंद्र की मजबूत सरकार द्वारा पड़ोसी देश पाकिस्तान को सिखाए सबक का भी उल्लेख किया।

### आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का दिया संकल्प

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि शिक्षण संस्थान होने के नाते हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम मिलकर ऐसी युवा शक्ति विकसित करें जो नए भारत का निर्माण करें। कुलपति ने इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का संकल्प दिलाया और विश्वविद्यालय में अध्ययन-अध्यापनके साथ शोध, अनुसंधान, नवाचार व कौशल विकास के लिए विभिन्न सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया।

### विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी

डॉ. मोनिका मलिक के निर्देशन में तैयार रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मनमोह लिया। डॉ. भीमराव पर केंद्रित कविता पाठ, लोकनृत्य वनशे की लत पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक प्रमुख रहे। कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार दुबे व विद्यार्थी अक्षतकांत की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 23-10-2021**

# ज्ञान का प्रतीक हैं डा. भीम राव अम्बेदकर: कौशल किशोर

## हकेंवि में केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण

महेंद्रगढ़, 22 अक्तूबर (परमजीत, मोहन): बाबा साहेब भीमराव अम्बेदकर सर्व समाज के मसीहा थे, उनकी विश्वविद्यालय में प्रतिमा की स्थापना युवा पीढ़ी को जाति व आर्थिक आधार पर शोषण विहीन समाज की स्थापना के लिए प्रेरित करती है। डा. अम्बेदकर किसी जाति व समाज के नेता नहीं बल्कि ज्ञान के प्रतीक हैं।

उन्होंने ही भारत को वह संवैधानिक प्रणाली दी, जिसके माध्यम से देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी डा. अम्बेदकर, राम मनोहर लोहिया व पं. दीन दयाल उपाध्याय के दिखाए मार्ग पर अग्रसर हैं और समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, विकास व ज्ञान पहुंचाने के लिए प्रयासरतहैं। यह विचार केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में स्थापित डा. भीमराव अम्बेदकर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए व्यक्त किए।

कौशल किशोर ने इस मौके पर सभी को नशा मुक्त हरियाणा, नशा मुक्त समाज व नशा मुक्त परिवार के निर्माण का संकल्प भी दिलाया। कौशल किशोर ने विश्वविद्यालय में 315 विद्यार्थियों की रहने की सुविधा वाले पुरुष छात्रावास के नए खंड का उद्घाटन व करीब 13 करोड़ की लागत से बनने वाले जलशोधन संयंत्र का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कौशल किशोर ने देश के विकास में युवा पीढ़ी व शिक्षण संस्थानों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा जारी विभिन्न प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, सबका साथ सबका विकास की नीति का अनुसरण करते हुए विकास के पथ पर अग्रसर है। आज हम हर घर में बिजली, नल, चूल्हा देख रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को स्वच्छ, स्वस्थ, शिक्षित व आत्मनिर्भर बनने की दिशा अग्रसर हैं और वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व महाशक्ति के रूप में अपनी एक अलग पहचान बना लेगा। इस मौके पर उन्होंने नशे की लत के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए इससे बचने का आह्वान किया।



*कार्यक्रम में मुख्यातिथि केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर का शॉल ओढ़ाकर स्वागत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।*

इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई देश की प्रगति की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने शिक्षण संस्थानों व शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला और इस मौके पर केंद्र की मजबूत सरकार द्वारा पड़ोसी देश पाकिस्तान को सिखाए सबक का भी उल्लेख किया।

**आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का कुलपति ने दिलाया संकल्प :** प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के विभिन्न उल्लेखनीय प्रयासों की जानकारी देते हुए भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। कुलपति ने इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का संकल्प दिलाया और विश्वविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन के साथ शोध, अनुसंधान, नवाचार व कौशल विकास के लिए विभिन्न सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा उप छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. मोनिका मलिक के निर्देशन में तैयार रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के आयोजन में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डा. राजेश कुमार दुबे व विद्यार्थी अक्षतकांत की भूमिका महत्वपूर्ण रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, शोधार्थी आदि उपस्थित रहे।



*बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण करते केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर व पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा।*

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

## Public Relations Office

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 23.10.2021**

**कार्यक्रम** • हकेंवि में केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने किया बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण

# ज्ञान का प्रतीक हैं डॉ. भीमराव अम्बेडकर : कौशल किशोर

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज के मसीहा थे। उनकी विश्वविद्यालय में प्रतिमा की स्थापना युवा पीढ़ी को जाति व आर्थिक आधार पर शोषण विहीन समाज की स्थापना के लिए प्रेरित करती है। डॉ. अम्बेडकर किसी जाति व समाज के नेता नहीं बल्कि ज्ञान के प्रतीक हैं। उन्होंने ही भारत को वह संवैधानिक प्रणाली दी, जिसके माध्यम से देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

डॉ. अम्बेडकर को किसी समाज के उत्थान से अधिक संविधान में शिक्षा के मौलिक अधिकार को प्रदान करने के लिए पहचाना जाना चाहिए। यह विचार केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में स्थापित डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए व्यक्त किए। कौशल किशोर ने इस मौके पर सभी को नशा मुक्त हरियाणा, नशा मुक्त समाज व नशा मुक्त परिवार के निर्माण का संकल्प भी दिलाया।

### पुरुष छात्रावास के नए खंड का उद्घाटन, जलशोधन सयंत्र का शिलान्यास



उन्होंने विश्वविद्यालय में 315 विद्यार्थियों की रहने की सुविधा वाले पुरुष छात्रावास के नए खंड का उद्घाटन व करीब 13 करोड़ की लागत से बनने वाले जलशोधन संयंत्र का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कौशल किशोर ने देश के विकास में युवा पीढ़ी व शिक्षण संस्थानों की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया और हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के द्वारा जारी विभिन्न प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर उन्होंने नशे की लत के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए इससे बचने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री, हरियाणा सरकार प्रो. राम बिलास शर्मा ने संबोधित करते हुए शिक्षण संस्थानों व शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इससे पहले विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा उप छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. मोनिका मलिक के निर्देशन में तैयार रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इनमें डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर केंद्रित कविता पाठ, लोकनृत्य व नशे की लत पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक प्रमुख रहे। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव व शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के आयोजन में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार दुबे व विद्यार्थी अक्षत कांत की भूमिका महत्त्वपूर्ण रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, शोधार्थी आदि उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 23.10.2021**

# ज्ञान का प्रतीक हैं बाबा साहेब डा. भीम राव आंबेडकर : कौशल किशोर

## हकेंवि में केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर सर्व समाज के मसीहा थे, उनकी विश्वविद्यालय में प्रतिमा की स्थापना युवा पीढ़ी को जाति व आर्थिक आधार पर शोषण विहीन समाज की स्थापना के लिए प्रेरित करती है।

डा. आंबेडकर किसी जाति व समाज के नेता नहीं, बल्कि ज्ञान के प्रतीक हैं। उन्होंने ही भारत को वह संवैधानिक प्रणाली दी, जिसके माध्यम से देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। डा. आंबेडकर को किसी समाज के उत्थान से अधिक संविधान में शिक्षा के मौलिक अधिकार को प्रदान करने के लिए पहचाना जाना चाहिए। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी डा. आंबेडकर, राम मनोहर लोहिया व पं. दीन दयाल उपाध्याय के दिखाए मार्ग पर अग्रसर हैं और समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, विकास व ज्ञान पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। यह विचार केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में स्थापित डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए व्यक्त किए। श्री कौशल किशोर ने इस मौके पर सभी को नशा मुक्त हरियाणा, नशा मुक्त समाज व नशा मुक्त परिवार के निर्माण का संकल्प भी दिलाया।कौशल किशोर ने विश्वविद्यालय में 315 विद्यार्थियों की रहने की सुविधा वाले पुरूष छात्रावास के नए खंड का उद्घाटन व करीब 13 करोड़ की लागत से बनने वाले जलशोधन संयंत्र का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की।



हरियाणा केंद्रीय विवि में स्थापित बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर। साथ में हैं पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा • सा हकेंवि

विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कौशल किशोर ने देश के विकास में युवा पीढ़ी व शिक्षण संस्थानों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के द्वारा जारी विभिन्न प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, सबका साथ सबका विकास की नीति का अनुसरण करते हुए विकास के पथ पर अग्रसर है। भारत जिस तरह से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आज हम हर घर में बिजली, नल, चूल्हा देख रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को स्वच्छ, स्वस्थ, शिक्षित व आत्मनिर्भर बनने की दिशा अग्रसर है और वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व महाशक्ति के रूप में अपनी एक अलग पहचान बना लेगा। पूर्व शिक्षा मंत्री, हरियाणा सरकार प्रो. राम बिलास शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई देश की प्रगति की ओर ध्यान आकर्षित किया। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मूलचंद शर्मा सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात गणमान्य अतिथियों का स्वागत हुआ और कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए विश्वविद्यालय की प्रगति से अवगत कराया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के विभिन्न उल्लेखनीय प्रयासों की जानकारी देते हुए भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान होने के नाते हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम मिलकर ऐसी युवा शक्ति विकसित करें जो नए भारत का निर्माण करें। कुलपति ने इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का संकल्प दिलाया और विश्वविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन के साथ शोध, अनुसंधान, नवाचार व कौशल विकास के लिए विभिन्न सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर इस कार्य को करेंगे और सरकार व समाज की आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करेंगे। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा उप छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. मोनिका मलिक के निर्देशन में तैयार रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव व शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के आयोजन में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार दुबे व विद्यार्थी अक्षतकांत की भूमिका महत्वपूर्ण रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, शोधार्थी आदि उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Ranghosh** **Date: 23-10-2021**

# पुरूष छात्रावास के नए खंड का किया उद्घाटन व जलशोधन सयंत्र का हुआ शिलान्यास

## -पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. राम बिलास शर्मा रहे उपस्थित, कुलपति ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

## -नशा मुक्त हरियाणा का दिलाया संकल्प

रणघोष न्यूज़.महेंद्रगढ

बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज के मसीहा थे, उनकी विश्वविद्यालय में प्रतिमा की स्थापना युवा पीढ़ी को जाति व आर्थिक आधार पर शोषण विहीन समाज की स्थापना के लिए प्रेरित करती है। डॉ. अम्बेडकर किसी जाति व समाज के नेता नहीं बल्कि ज्ञान के प्रतीक हैं। उन्होंने ही भारत को वह संवैधानिक प्रणाली दी, जिसके माध्यम से देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। डॉ. अम्बेडकर को किसी समाज के उत्थान से अधिक संविधान में शिक्षा के मौलिक अधिकार को प्रदान करने के लिए पहचाना जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी डॉ. अम्बेडकर, राम मनोहर लोहिया व पं. दीन दयाल उपाध्याय के दिखाए मार्ग पर अग्रसर है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, विकास व ज्ञान पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। यह विचार केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में स्थापित डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए व्यक्त किए। कौशल किशोर ने इस मौके पर सभी को नशा मुक्त हरियाणा, नशा मुक्त समाज व नशा मुक्त परिवार के निर्माण का संकल्प भी दिलाया। कौशल किशोर ने विश्वविद्यालय में 315 विद्यार्थियों की रहने की सुविधा वाले पुरूष छात्रावास के नए खंड का उद्घाटन व करीब 13 करोड़ की लागत से बनने वाले जलशोधन संयंत्र का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम



में विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की।

विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कौशल किशोर ने देश के विकास में युवा पीढ़ी व शिक्षण संस्थानों की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया और हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के द्वारा जारी विभिन्न प्रयासों की सराहना की। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मूलचंद शर्मा सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात गणमान्य अतिथियों का स्वागत हुआ और कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए विश्वविद्यालय की प्रगति से अवगत कराया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा उप छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. मोनिका मलिक के निर्देशन में तैयार रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इनमें डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर केंद्रित कविता पाठ, लोकनृत्य व नशे की लत पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक प्रमुख रहे। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव व शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के आयोजन में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार दुबे व विद्यार्थी अक्षतकांत की भूमिका महत्त्वपूर्ण रही।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Tribune** **Date: 23-10-2021**

## हकेवि में अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण



महेन्द्रगढ़ के हकेवि में भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर। साथ में पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. राम बिलास शर्मा व कुलपति टंकेश्वर कुमार। -निस

**महेन्द्रगढ़ (निस) :** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज के मसीहा थे, उनकी विश्वविद्यालय में प्रतिमा की स्थापना युवा पीढ़ी को जाति व आर्थिक आधार पर शोषण विहीन समाज की स्थापना के लिए प्रेरित करती है। डॉ. अम्बेडकर किसी जाति व समाज के नेता नहीं बल्कि ज्ञान के प्रतीक हैं। उक्त विचार केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में स्थापित डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए व्यक्त किए। कौशल किशोर ने विश्वविद्यालय में पुरुष छात्रावास के नए खंड का उद्घाटन व करीब 13 करोड़ की लागत से बनने वाले जलशोधन संयंत्र का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। कौशल किशोर पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा के महेन्द्रगढ़ स्थित आवास पर भी पहुंचे जहां उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। श्री शर्मा ने कहा कि देश के विकास में नशा सबसे बड़ी बाधा है। हमें इससे दूर रहना चाहिए।

दैनिक ट्रिब्यून Sat, 23 October 2021
https://epaper.dainiktribune

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: The Tribune** **Date: 23-10-2021**

# Ambedkar's statue unveiled

**MAHENDRAGARH, OCTOBER 22**
Minister of State for Housing and Urban Affairs Kaushal Kishore today unveiled the statue of Dr Bhim Rao Ambedkar at the Central University of Haryana (CUH) here. He also inaugurated a new block of boys's hostel having an accommodation facility for 315 students and laid the foundation stone of a water treatment plant to be built at a cost of about 13 crores on the university campus. Speaking on the occasion, Kishore said the installation of Dr Ambedkar's statue in the university would inspire the younger generation.—TNS

The Tribune Sat, 23 October 2021
https://epaper.tribuneindia.c

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 23-10-2021**

### छात्रावास के नए खंड का किया उद्घाटन व जलशोधन सयंत्र का शिलान्यास

# हकेंवि में बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर सर्व समाज के मसीहा थे। उनकी विश्वविद्यालय में प्रतिमा की स्थापना युवा पीढ़ी को जाति व आर्थिक आधार पर शोषण विहीन समाज की स्थापना के लिए प्रेरित करती है। डॉ. आंबेडकर किसी जाति व समाज के नेता नहीं, बल्कि ज्ञान के प्रतीक हैं। उन्होंने ही भारत को वह संवैधानिक प्रणाली दी, जिसके माध्यम से देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

डॉ. आंबेडकर को किसी समाज के उत्थान से अधिक संविधान में शिक्षा के मौलिक अधिकार को प्रदान करने के लिए पहचाना जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी डॉ. आंबेडकर, राम मनोहर लोहिया व पं. दीन दयाल उपाध्याय के दिखाए मार्ग पर अग्रसर हैं और समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, विकास व ज्ञान पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। यह विचार केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में स्थापित डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए व्यक्त किए। कौशल किशोर ने इस मौके पर सभी को नशा मुक्त हरियाणा, नशा मुक्त समाज व नशा मुक्त परिवार के निर्माण का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने विश्वविद्यालय में 315 विद्यार्थियों की रहने की सुविधा वाले पुरुष छात्रावास के नए खंड का उद्घाटन व करीब 13 करोड़ की लागत से बनने वाले जलशोधन संयंत्र का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कौशल किशोर ने देश के विकास में युवा पीढ़ी व शिक्षण संस्थानों की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया और हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के द्वारा जारी विभिन्न प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, सबका साथ सबका विकास की नीति का अनुसरण करते हुए विकास के पथ पर अग्रसर है। इस मौके पर उन्होंने नशे की लत के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए इससे बचने का आह्वान किया।



महेंद्रगढ़। डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर। फोटो: हरिभूमि

### पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकासशील

पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. राम बिलास शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई देश की प्रगति की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने शिक्षण संस्थानों व शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला और इस मौके पर केंद्र की मजबूत सरकार द्वारा पड़ोसी देश पाकिस्तान को सिखाए सबक का भी उल्लेख किया। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मूलचंद शर्मा सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात गणमान्य अतिथियों का स्वागत हुआ और कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए विश्वविद्यालय की प्रगति से अवगत कराया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के विभिन्न उल्लेखनीय प्रयासों की जानकारी देते हुए भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा उप छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. मोनिका मलिक के निर्देशन में तैयार रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इनमें डॉ. भीमराव आंबेडकर पर केंद्रित कविता पाठ, लोकनृत्य व नशे की लत पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक प्रमुख रहे। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव व शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के आयोजन में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार दुबे व विद्यार्थी अक्षतकांत की भूमिका महत्त्वपूर्ण रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी आदि उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haryana Jyoti** **Date: 23-10-2021**

# मंत्री कौशल किशोर ने किया बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण

**हरियाणा ज्योति/महेन्द्रगढ़ (दलीप शर्मा)।** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज के मसीहा थे, उनकी विश्वविद्यालय में प्रतिमा की स्थापना युवा पीढ़ी को जाति व आर्थिक आधार पर शोषण विहीन समाज की स्थापना के लिए प्रेरित करती है। डॉ. अम्बेडकर किसी जाति व समाज के नेता नहीं बल्कि ज्ञान के प्रतीक हैं। उन्होंने ही भारत को वह संवैधानिक प्रणाली दी, जिसके माध्यम से आज भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी डॉ. अम्बेडकर, राम मनोहर लोहिया व पं. दीन दयाल उपाध्याय के दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुये



समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, विकास व ज्ञान पहुँचाने के लिए प्रयासरत हैं। उक्त विचार केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में स्थापित डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने इस मौके पर सभी को नशा मुक्त हरियाणा का संकल्प भी दिलाया। कौशल किशोर ने विश्वविद्यालय में पुरूष छात्रावास के नए खंड का उद्घाटन व करीब 13 करोड़ की लागत से बनने वाले जलशोधन संयंत्र का शिलान्यास भी किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कौशल किशोर ने देश के विकास में युवा पीढ़ी व शिक्षण संस्थानों की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया और हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के द्वारा जारी विभिन्न प्रयासों की सराहना की।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haryana Jyoti-2** **Date: 23-10-2021**

# ज्ञान का प्रतीक हैं डॉ. भीम राव अम्बेडकर : कौशल किशोर

**हरियाणा ज्योति/महेंद्रगढ़, प्रमोद बेवल।** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज के मसीहा थे, उनकी विश्वविद्यालय में प्रतिमा की स्थापना युवा पीढ़ी को जाति व आर्थिक आधार पर शोषण विहीन समाज की स्थापना के लिए प्रेरित करती है। डॉ. अम्बेडकर किसी जाति व समाज के नेता नहीं बल्कि ज्ञान के प्रतीक हैं। उन्होंने ही भारत को वह संवैधानिक प्रणाली दी, जिसके माध्यम से देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है।



डॉ. अम्बेडकर को किसी समाज के उत्थान से अधिक संविधान में शिक्षा के मौलिक अधिकार को प्रदान करने के लिए पहचाना जाना चाहिए। आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भी डॉ. अम्बेडकर, राम मनोहर लोहिया व पं. दीन दयाल उपाध्याय के दिखाए मार्ग पर अग्रसर है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, विकास व ज्ञान पहुँचाने के लिए प्रयासरत हैं। यह विचार केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में स्थापित डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए व्यक्त किए।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Jagat Kranti** **Date: 23-10-2021**

# ज्ञान के प्रतीक हैं अंबेडकर : कौशल किशोर

## केंद्रीय विवि में किया प्रतिमा का अनावरण

**जगत क्रांति ⏭ चण्डीगढ़**

केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में स्थापित डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद कहा कि डॉ.अंबेडकर किसी जाति और समाज के नेता नहीं बल्कि ज्ञान के प्रतीक हैं। कौशल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने ही भारत को वह संवैधानिक प्रणाली दी, जिसके माध्यम से देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। डॉ.अंबेडकर को किसी समाज के उत्थान से अधिक संविधान में शिक्षा के मौलिक अधिकार को प्रदान करने के लिए पहचाना जाना चाहिए। कौशल किशोर ने इस मौके पर सभी को नशा मुक्त हरियाणा, नशा मुक्त समाज व नशा मुक्त परिवार के निर्माण का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने विश्वविद्यालय में छात्रावास के नए खंड का उद्घाटन और जलशोधन संयंत्र का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो.टंकेश्वर कुमार ने स्वागत भाषण में विश्वविद्यालय के विभिन्न उल्लेखनीय प्रयासों और भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। टंकेश्वर कुमार ने कहा कि शिक्षण संस्थान होने के नाते हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम मिलकर ऐसी युवा शक्ति विकसित करें जो नए भारत का निर्माण करें।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: NCR Haryana** **Date: 23-10-2021**

# ज्ञान का प्रतीक हैं डॉ. भीम राव अम्बेडकर - कौशल किशोर

- हकेवि में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कौशल किशोर ने किया बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण
- पुरूष छात्रावास के नए खंड का किया उद्घाटन व जलशोधन सयंत्र का हुआ शिलान्यास
- नशा मुक्त हरियाणा का दिलाया संकल्प
- पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. राम बिलास शर्मा रहे उपस्थित, कुलपति ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता




महेन्द्रगढ़, एनसीआर हरियाणा (प्रदीप बालरोडिया)

बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज के मसीहा थे, उनकी विश्वविद्यालय में प्रतिमा की स्थापना युवा पीढ़ी को जाति व आर्थिक आधार पर शोषण विहीन समाज की स्थापना के लिए प्रेरित करती है। डॉ. अम्बेडकर किसी जाति व समाज के नेता नहीं बल्कि ज्ञान के प्रतीक हैं। उन्होंने ही भारत को वह संवैधानिक प्रणाली दी, जिसके माध्यम से देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। डॉ. अम्बेडकर को किसी समाज के उत्थान से अधिक संविधान में शिक्षा के मौलिक अधिकार को प्रदान करने के लिए पहचाना जाना चाहिए। आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भी डॉ. अम्बेडकर, राम मनोहर लोहिया व पं. दीन दयाल उपाध्याय के दिखाए मार्ग पर अग्रसर है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, विकास व ज्ञान पहुँचाने के लिए प्रयासरत हैं। यह विचार केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में स्थापित डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए व्यक्त किए। श्री कौशल किशोर ने इस मौके पर सभी को नशा मुक्त हरियाणा, नशा मुक्त समाज व नशा मुक्त परिवार के निर्माण का संकल्प भी दिलाया। श्री कौशल किशोर ने विश्वविद्यालय में 315 विद्यार्थियों की रहने की सुविधा वाले पुरूष छात्रावास के नए खंड का उद्घाटन व करीब 13 करोड़ की लागत से बनने वाले जलशोधन संयंत्र का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री कौशल किशोर ने देश के विकास में युवा पीढ़ी व शिक्षण संस्थानों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के द्वारा जारी विभिन्न प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, सबका साथ सबका विकास की नीति का अनुसरण करते हुए विकास के पथ पर अग्रसर है। भारत जिस तरह से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आज हम हर घर में बिजली, नल, चूल्हा देख रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को स्वच्छ, स्वस्थ, शिक्षित व आत्मनिर्भर बनने की दिशा अग्रसर है और वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व महाशक्ति के रूप में अपनी एक अलग पहचान बना लेगा। इस मौके पर उन्होंने नशे की लत के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए इससे बचने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री, हरियाणा सरकार प्रो. राम बिलास शर्मा ने संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई देश की प्रगति की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने शिक्षण संस्थानों व शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला और इस मौके पर केंद्र की मजबूत सरकार द्वारा पड़ोसी देश पाकिस्तान को सिखाए सबक का भी उल्लेख किया।

विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मूलचंद शर्मा सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Rashtriya Khabar** **Date: 23-10-2021**

### ज्ञान का प्रतीक थे डॉ. भीम राव अम्बेडकर : केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में बाबा साहेब अम्बेडकर प्रतिमा का अनावरण

## नशा मुक्त हरियाणा, नशा मुक्त समाज व नशा मुक्त परिवार के निर्माण का संकल्प

राष्ट्रीय खबर ब्यूरो

**चंडीगढ़:** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज के मसीहा थे, उनकी विश्वविद्यालय में प्रतिमा की स्थापना युवा पीढ़ी को जाति व आर्थिक आधार पर शोषण विहीन समाज की स्थापना के लिए प्रेरित करती है। डॉ. अम्बेडकर किसी जाति व समाज के नेता नहीं बल्कि ज्ञान के प्रतीक थे। उन्होंने ही भारत को वह संवैधानिक प्रणाली दी, जिसके माध्यम से देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। डॉ. अम्बेडकर को किसी समाज के उत्थान से अधिक संविधान में शिक्षा के मौलिक अधिकार को प्रदान करने के लिए पहचाना जाना चाहिए। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी डॉ. अम्बेडकर, राम मनोहर लोहिया व पं. दीन दयाल उपाध्याय के दिखाए मार्ग पर अग्रसर है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, विकास व ज्ञान पहुँचाने के लिए प्रयासरत हैं। यह विचार केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने हकेवि, महेंद्रगढ़ में स्थापित डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए व्यक्त किए। कौशल किशोर ने इस मौके पर सभी को नशा मुक्त हरियाणा, नशा मुक्त समाज व नशा मुक्त परिवार के निर्माण का संकल्प भी दिलाया। श्री कौशल किशोर ने विश्वविद्यालय में 315 विद्यार्थियों की रहने की सुविधा वाले पुरूष छात्रावास के नए खंड का उद्घाटन व 13 करोड़ लागत से बनने वाले जलशोधन संयंत्र का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की।



### युवा शक्ति करें विकसित

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि शिक्षण संस्थान होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि मिलकर युवा शक्ति विकसित करें जो नए भारत का निर्माण करें। कुलपति ने आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का संकल्प दिलाया और शोध, अनुसंधान, नवाचार व कौशल विकास के लिए विभिन्न सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया।

छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा उप छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. मोनिका मलिक के निर्देशन में तैयार रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इनमें डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर केंद्रित कविता पाठ, लोकनृत्य व नशे की लत पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक प्रमुख रहे। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव व शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।